शैक्षणिक भ्रमण | शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को निगमाध्यक्ष और निगमायुक्त ने दी कार्यप्रणाली की जानकारी

# सदन की कार्यवाही से हुए रूबरू, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझा



**नवभारत, जबलपुर।** गौरीघाट, पॉलिपाथर स्थित सत्यप्रकाश पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार का दिन खास और ज्ञानवर्धक रहा। एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र छात्राओं को न केवल लोकतांत्रिक और प्रशासनिक व्यवस्था को करीब से देखने का मौका मिला, बल्कि उन्होंने शहर के विकास और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी बुनियादी प्रणालियों को भी समझा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने नगर निगम मुख्यालय का दौरा किया। यहाँ नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बच्चों का स्वागत किया और उन्हें निगम सदन की कार्यप्रणाली से परिचित कराया। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि शहर के विकास के लिए नीतियां कैसे बनती हैं, प्रस्ताव कैसे पारित होते हैं और जनहित के मुद्दों पर सदन में किस तरह चर्चा की जाती है।

### उत्सुकता भरे सवाल रोचक जवाब

इस अवसर पर अधिकारियों ने बच्चों के उत्सुकता भरे सवालों के बेहद सरल और रोचक ढंग से जवाब दिए, जिससे बच्चों का सामान्य ज्ञान भी बढ़ा। इस भ्रमण में किताबी ज्ञान को व्यावहारिक रूप में बदलते हुए बच्चों को शहर के दो बेहद महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का दौरा कराया गया। बच्चों को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की कार्यप्रणाली और उसकी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि कैसे शहर के कचरे का सही प्रबंधन करके उससे ऊर्जा बनाई जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

### कैसे पहुंचता है घरों तक जल, प्रबंधन को देखा

शुद्ध पेयजल की प्रक्रिया ललपुर फिल्टर प्लांट इसके बाद विद्यार्थियों ने ललपुर फिल्टर प्लांट का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने जलप्रदाय योजना और उसके प्रबंधन को देखा। बच्चों ने प्रत्यक्ष रूप से समझा कि नर्मदा जी से आने वाले पानी को किस तरह फिल्टर कर पूरी तरह शुद्ध किया जाता है और फिर वह शहर के घरों तक पहुँचता है। इस अवसर पर अपर आयुक्त वी. एन. बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव और कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त अंकिता जैन द्वारा किया गया।

# रैली और पौधरोपण के माध्यम से नागरिकों को किया जागरूक




**नवभारत, जबलपुर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय आह्वान पर महाकौशल-विंध्य रीजन द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत 'हमारा अभियान - एक वृक्ष सौ पुत्रों समान' एवं 'वसुंधरा को करें हरा-भरा और सुरक्षित' संकल्प के साथ भव्य पर्यावरण जन-जागरण रैली एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। पर्यावरण जन-जागरण रैली बोर्डिंग जैन मंदिर से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक के मुख्य द्वार तक निकाली गई। रैली के माध्यम से नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण, अधिकाधिक वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इसके उपरांत शहीद स्मारक परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन के मुख्य आतिथ्य में एवं चक्रेश मोदी के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

### नैतिक जिम्मेदारी समझकर पौधे लगाने की अपील

कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय रीजन अध्यक्ष मनोज जैन, सचिव हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष सुनील घिया, पर्यावरण रैली प्रभारी प्रवीण सिंघई तथा वृक्षारोपण प्रभारी प्रदीप जैन के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुरेंद्र जैन एवं राविज जैन ने स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था की। जबलपुर मेन ग्रुप के निवर्तमान अध्यक्ष मुल्कराज अंजली बादशा द्वारा जामुन और अमरूद के 12 पौधे उपलब्ध कराने में सहयोग किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने सपत्नीक अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में निरंतर जन-जागरण चलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फेडरेशन एवं महाकौशल-विंध्य रीजन के पदाधिकारी, विभिन्न सोशल ग्रुप के अध्यक्ष, पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में दंपत्ति सदस्य उपस्थित रहे। पर्यावरण जन-जागरण रैली एवं वृक्षारोपण से हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

### संस्था ने दिया हरित भविष्य का संदेश

इस दौरान फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक नितिन जैन ने बताया कि राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण अभियान का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, अधिकाधिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं विनय जैन, अजीत नायक, संतोष जैन, आभा जैन, चित्रा घीया और संजय चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक व्यक्ति यदि प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो धरती को हरित एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है।

## एक नजर में

### हिट एंड रन पीड़ितों को मिला सहारा

**नवभारत,जबलपुर।** जिला प्रशासन ने हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 के तहत अज्ञात वाहन दुर्घटना के 06 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 10 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पांच मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रूपये की तथा घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपये की स्वीकृत सहायता राशि शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा अज्ञात वाहन से दुर्घटना में घायल मनीष शर्मा को 50 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं। वहीं मृतकों के आश्रित परिजनों को स्वीकृत की गई 2-2 लाख रूपये की सहायता राशि में अंजनी विश्वकर्मा पति स्व. सुशील विश्वकर्मा, मानसी चतरे पति कमलेश चतरे, काजल देव पिता संजीव कुमार देव, दीक्षा परोहा पिता स्व. दीपक परोहा एवं मुन्ना लाल यादव पिता नंदुलाल यादव शामिल हैं।

### क्राइस्ट चर्च एलुमनी एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**नवभारत, जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एलुमनी एसोसिएशन की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक मंगलवार, 14 जुलाई को आयोजित की गई, जिसमें क्राइस्ट चर्च बॉयज और गर्ल्स स्कूल्स के पूर्व छात्रों ने मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एसोसिएशन अपनी अगली रीयूनियन 9 जनवरी 2027 को आयोजित करेगा, जिसमें कई पूर्व छात्र देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से जुड़ेंगे। इस दौरान अध्यक्ष रामिंदर सिंह चोपड़ा और सचिव अमित वेगड़ ने बताया कि एसोसिएशन मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी शिविर और एक मेगा मेडिकल कैंप भी आयोजित करेगा। इस बैठक में चंद्रेश वीरा, असगी तैयबाली, रणजय मदन, रुपेश बागमार, डॉ. सुनील बेहल, शालू खुराना, संदीप विजन, विनय गौबा, दीपक वर्मा, गुरमीत छाबड़ा, समर गायकवाड़, आशीष अग्रवाल, रितेश त्रिवेदी, डॉ. आदित्य परिहार, जतिन लालन, शैलेश गुलाटी, शगुफ्ता रहमान और प्रविप दत्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# खमरिया से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी में 16 जुलाई (गुरुवार) को ईस्ट लैंड, खमरिया स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर से भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु की भव्य श्रीगुंडिचा रथयात्रा श्रद्धा, उल्लास और वैदिक परंपराओं के साथ शाम 4 बजे निकलेगी। रथयात्रा श्रीजगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम मंदिर (मौसी माँ मंदिर) तक पहुंचेगी। भगवान श्रीजगन्नाथ अपने ज्येष्ठ भ्राता भगवान बलभद्र, भगिनी सुभद्रा और श्रीसुदर्शन महाराज के साथ 22 फीट ऊंचे भव्य एवं सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। आकर्षक पुष्प सज्जा, भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयघोष के बीच निकलने वाली इस यात्रा में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पुरी की परंपरा के अनुरूप ऑर्डनेंस फैक्ट्री खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक गजपति महाराज की भूमिका निभाते हुए रथ प्रस्थान से पहले 'छेरा पहंरा' अनुष्ठान के तहत स्वर्ण झाड़ू से रथ का विधिवत मार्जन करेंगे, जो सेवा, समर्पण और समानता का प्रतीक माना जाता है।

### जबलपुर की पहचान है यात्रा

पूर्वी लैंड, खमरिया में आयोजित यह रथयात्रा इस वर्ष अपने नौवें वर्ष में प्रवेश कर रही है और अब जबलपुर की प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और नगरवासियों से सपरिवार शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन करने तथा रथ की रस्सी खींचने का पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 रेलकर्मी सम्मानित



**नवभारत,जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे में रेल परिचालन के दौरान सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देकर संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 10 रेलकर्मियों को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने उत्कृष्ट संरक्षा जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया। मई और जून 2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले इन कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान समय रहते गंभीर तकनीकी खामियों की पहचान कर रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मई माह के पुरस्कार विजेताओं में जबलपुर मंडल के लोको पायलट अभिषेक कुमार और स्टेशन मास्टर सुधीर कुमार सहित भोपाल एवं कोटा मंडल के पांच रेलकर्मी शामिल रहे। जून 2026 के लिए सम्मानित कर्मचारियों में जबलपुर मंडल के स्टेशन मास्टर विक्रम कुमार और की-मैन अरविंद कुमार के अलावा कोटा मंडल के स्टेशन मास्टर रामअवतार मीना, लोको पायलट सत्य प्रकाश शर्मा और ट्रैकमैन रविंद्र पाल शामिल हैं। इन रेलकर्मियों ने विभिन्न रेलखंडों पर गश्त और ड्यूटी के दौरान हॉट एक्सल, ब्रेकवान में आग, ब्रेक ब्लॉक जाम तथा रेल फ्रैक्चर जैसी गंभीर तकनीकी खामियों को समय रहते पहचानकर त्वरित कार्रवाई की, जिससे संभावित हादसों को टाला जा सका और रेल संचालन सुरक्षित बना रहा।

### कर्मचारी प्रेरणास्रोत है

महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सभी पुरस्कृत रेलकर्मियों की सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि रेलवे में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ और जागरूक कर्मचारी पूरे पश्चिम मध्य रेलवे के लिए प्रेरणास्रोत हैं तथा उनका सम्मान अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा के प्रति अधिक सजग रहने के लिए प्रेरित करेगा। पश्चिम मध्य रेलवे ने सुरक्षित, विश्वसनीय और संरक्षित रेल संचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भविष्य में भी प्रोत्साहित किए जाने की बात कही।

# महाकौशल कॉलेज में छात्रवृत्ति योजनाओं पर ग्रुप डिस्कशन



**नवभारत, जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी महाविद्यालय में गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के प्रभावी आकलन के लिए एक फोकस ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रभाव और छात्राओं के सुझावों को जानना था, ताकि भविष्य में इन्हें और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए. सी. तिवारी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ प्राध्यापक अरुण शुक्ल, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. रविश तमन्ना तथा डॉ. जागेश्वर प्रजापति के निर्देशन में हुई इस चर्चा में शासकीय सिहोरा महाविद्यालय, शासकीय मझौली महाविद्यालय और जबलपुर जिले के पांच चयनित निजी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

### विद्यार्थियों ने दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

चर्चा में विद्यार्थियों ने सुझाव दिया कि गांव की बेटी योजना और प्रतिभा किरण योजना का एकीकरण करके उज्ज्वल किरण योजना अथवा प्रतिभाशाली बेटी योजना के नाम से एक नई समेकित छात्रवृत्ति योजना शुरू की जाए, जिससे अधिक छात्राओं को लाभ मिल सके। इस मौके पर अधिकांश विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति की वर्तमान राशि 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये करने की मांग की। कुछ छात्राओं ने इसे एकमुश्त देने के बजाय 1,000 से 2,000 रुपये प्रतिमाह देने का सुझाव दिया, ताकि परीक्षा शुल्क और अध्ययन सामग्री की जरूरतें समय पर पूरी हो सकें। प्राप्त सुझावों को भविष्य के सुधारों के लिए महत्वपूर्ण माना गया। समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# शासकीय आयुर्वेद औषधालय ने लगाया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर




**नवभारत, जबलपुर।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय, महाराजपुर द्वारा 14 जुलाई को बिलपुरा मढ़ई में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला आयुष अधिकारी के निर्देश पर हुआ। इस स्वास्थ्य शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, त्वचा के रोग, स्त्री रोग सहित आमवात और संधिवात जैसी वात व्याधियों एवं अन्य मौसमी बीमारियों का नि:शुल्क परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में कुल 89 लाभार्थी रोगियों ने लाभ उठाया, जिसमें 21 पुरुष, 49 महिलाएं, 08 बालक और 11 बालिकाएँ शामिल थीं। यह स्वास्थ्य शिविर बिलपुरा पार्षद मथुरा प्रसाद चौधरी और कमलेश सिंह के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येंद्र सिंह द्वारा मथुरा प्रसाद चौधरी और कमलेश सिंह का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में आए हुए रोगियों और जनमानस को वर्षा ऋतु से होने वाली व्याधियों तथा उनसे बचाव के उपाय बताए। इस अवसर पर शासकीय आयुर्वेद औषधालय से कंपाउंडर अनीता सिंह, राजा विश्वकर्मा और पीटीएस वंदना बान उपस्थित रहीं।

# मरणोपरांत नेत्रदान करने वाले पुण्यात्मा के परिजनों को दिया सम्मान-पत्र



**नवभारत, जबलपुर।** नेत्र ज्योति मिशन बरेला की प्रेरणा से दिवंगत अभय कुमार जैन के परिजनों ने उनके निधन के उपरांत मरणोपरांत नेत्रदान कर मानवता की अनुपम सेवा का कार्य किया। नेत्रदान की यह संपूर्ण प्रक्रिया डॉ. पवन स्थापक एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय कार्य के लिए मंगलवार को नेत्र ज्योति मिशन बरेला परिवार द्वारा स्वर्गीय अभय के परिजनों को सम्मान-पत्र भेंट कर उनका हृदय से अभिनंदन किया गया और आभार व्यक्त किया गया।

### पत्नी और पुत्र ने भी लिया संकल्प

इस अवसर पर दिवंगत अभय की धर्मपत्नी सरोज जैन एवं उनके पुत्र अंकित जैन ने स्वयं भी मरणोपरांत नेत्रदान करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही सरोज जैन ने मरणोपरांत देहदान करने की भी घोषणा की और समाज के समक्ष सेवा, संवेदना तथा मानवता का एक अत्यंत प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। नेत्र ज्योति मिशन बरेला परिवार इस महान पुण्य कार्य एवं अनुकरणीय सेवा-भाव की हृदय से सराहना करता है तथा ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें एवं समस्त परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

# गजानन मंदिर में श्रद्धालुओं ने की विट्ठल चक्रीय आरती



**नवभारत, जबलपुर।** आषाढ़ी कार्तिकी वारी महामंडल द्वारा प्रतिवर्ष देवशयनी एकादशी पर महाराष्ट्र के पंढरपुर की तर्ज पर निकाली जाने वाली विठ्ठल वारी सामाजिक समरसता यात्रा 25 जुलाई को शाम 4 बजे दत्त मंदिर गोलबाजार से शुरू होकर विठ्ठल रखुमाई मंदिर राजा रसगुल्ला गली तक जाएगी।

इसी उपलक्ष्य में शहर में 18 दिवसीय चक्रीय आरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत हरिनाम संकीर्तन यात्रा प्रभात कॉलोनी, राज किराना स्टोर, यादव कॉलोनी और जय नगर से होते हुए यादव कॉलोनी स्थित गजानन महाराज मंदिर पहुंची, जहाँ श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन और विठ्ठल रखुमाई नाम स्मरण कर पंच आरती और सामूहिक नर्मदा अष्टक का पाठ किया। विठ्ठल भक्ति के भजनों से सराबोर इस यात्रा के बाद, अगला कार्यक्रम आज शाम 6 बजे विवेकानंद वार्ड के एच. बी. कॉलेज से शुरू होकर रामेश्वरम कालोनी के भ्रमण के साथ श्री सतगुरु दरबार में संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन में स्वाति सदानंद गोडबोले, संतोष गोड़बोले, पार्षद अंशुल राघवेन्द्र यादव, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, राकेश ताम्हणकर, प्रशांत कुलकर्णी, हेमंत पोहरकर, शैलेन्द्र सिंह, राकेश पटेल और विध्येश भापकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण | महिला पॉलिटेक्निक में तकनीकी ज्ञान के साथ सांस्कृतिक एवं कौशल विकास गतिविधियों को भी दिया जा रहा महत्व

# तकनीकी शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम



**नवभारत , जबलपुर ।** शहर का गवर्नमेंट महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान में वर्तमान में 5 डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से छात्राओं को तकनीकी ज्ञान के साथ प्रयोगात्मक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। महाविद्यालय में 14 गेस्ट फैकल्टी एवं लगभग 50 शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय कर्मचारी कार्यरत हैं, जो छात्राओं के शैक्षणिक विकास में योगदान दे रहे हैं। महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल गतिविधियां, सेमिनार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### तकनीकी शिक्षा पर विशेष फोकस

महाविद्यालय में वर्तमान में 5 तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। छात्राओं को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ प्रयोगात्मक प्रशिक्षण (प्रैक्टिकल), लैब वर्क और प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा प्रदान की जाती है, ताकि वे उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी दक्षता हासिल कर सकें।

### आधारभूत सुविधाएं एवं रखरखाव

निरीक्षण के दौरान परिसर के कुछ हिस्सों में भवन रखरखाव एवं विद्युत व्यवस्था से जुड़े मुद्दे भी देखने को मिले। कुछ स्थानों पर विद्युत पैनल खुले दिखाई दिए तथा दीवारों पर प्लास्टर उखड़ा हुआ नजर आया। छात्राओं एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रखरखाव एवं आवश्यक मरम्मत की आवश्यकता महसूस होती है।

### इनका कहना है

महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना भी है। इसके लिए समय-समय पर करियर काउंसलिंग, स्किल डेवलपमेंट, व्यक्तित्व विकास, सॉफ्ट स्किल्स और रोजगार संबंधी मार्गदर्शन आयोजित किया जाता है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक छात्रा अपने कौशल को विकसित कर बेहतर रोजगार या उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त कर सके।

**रश्मि सी , टीपीओ , शासकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय**

# जनेकृविवि में स्नातक सीटों पर प्रवेश के लिए दस्तावेज सत्यापन शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों की सीटों पर प्रवेश के लिए दस्तावेजों का सत्यापन कार्य शुरू हो गया है। प्रवेश कमेटी के सदस्य वीरेंद्र पटेल ने बताया कि 14 जुलाई से 19 जुलाई तक बीएससी कृषि की 1043, हार्टीकल्चर की 224, वानिकी की 34 और बीटेक की 92 सीटों के लिए काउंसलिंग और दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद 20 जुलाई को रजिस्ट्रेशन कराने वाले और सत्यापित अभ्यर्थियों की मेरिट लिस्ट का ऑनलाइन प्रकाशन किया जाएगा, जिसके आधार पर 28 जुलाई से 31 जुलाई तक एडमिशन की प्रक्रिया संपन्न होगी। यह प्रवेश प्रक्रिया कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा और अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. अल्पना सिंह के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है।

### दस्तावेज सत्यापन के बाद मेरिट से प्रवेश

जनेकृविवि और आरवीएसकेविवि, ग्वालियर के अधीन कृषि आधारित पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। वर्तमान में कृषि महाविद्यालय जबलपुर, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर के अलावा रीवा और टीकमगढ़ के केंद्रों पर भी बीएससी प्रवेश के लिए दस्तावेजों की जांच और प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित है। इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाए रखने के लिए गठित की गई दस्तावेज सत्यापन कमेटी में अधिष्ठाता डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. एच. के. राय, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह नरवरिया, डॉ. परवेज राजन, डॉ. आराधना कुमारी, डॉ. प्रशांत, डॉ. कैलाश चौकीकर, डॉ. पारूल उपाध्याय, राजेश श्रोती, वीरेंद्र पटेल, राम प्रकाश पटेल, विजेन्द्र कुशवाहा और लक्ष्मी नारायण पटेल सहित अन्य सदस्य शामिल हैं जो लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं।